दिनांक 10.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ राज्य शासन के मुख्य सचिव श्री अजय सिंह ने कहा कि नगर निगम, बीएसपी प्रबांन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी संयुक्त रुप से आपसी सामंजस्य बनाकर भिलाई क्षेत्र में डेंगू के प्रभाव के रोकथाम के लिए कार्य सुनिश्चत करें तथा डेंगू प्रभावित क्षेत्र में नियंत्रण हेतु किये जा रहे समस्त कार्य की जानकारी शासन को प्रेषित करें। उन्होने आगे कहा डेंगू जैसे गंभीर बिमारी के बचाव हेतु शासन के द्वारा पुरी सहयोग प्रदान की जावेगी तथा अन्य आवश्यक उपाय किये जाने हेतु निगम आयुक्त को निदेश दिये। आज प्रातः से ही जिला कलेक्टर श्री उमेश अग्रवाल निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के साथ डेंगू प्रभावित वार्डों में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया जिला प्रशासन के द्वारा पूर्ण सहयोग निगम भिलाई को दिये जाने की बात कहते हुए निगम आयुक्त श्री चौहान को निर्देशित करते हुए कहा कि पुरे अभियान का लगातार निरीक्षण करते हुए की गई कार्यवाही से अवगत कराते रहें।

राज्य शहरी विकास अभिकरण के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिनव अग्रवाल एवं निगम भिलाई आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने देर रात तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 21 वार्डों में डेंगू, मलेरिया, बुखार की शिकायत प्राप्त होने के संबंध में निगम क्षेत्र के चिकित्सालय, नर्सिंग कालेज के चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों को संलग्न किया गया है जिसके प्रभारी अधिकारियों एवं निगम के समस्त जोन आयुक्त, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकरी सहित विभाग प्रमुखों की बैठक निगम के सभागार में लेते हुए सभी से डेंगू प्रभावित, संभावित वार्ड में किये गये कार्य की समीक्षा की एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराया।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि जिला, स्वास्थ्य, एवं निगम प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे संयुक्त विशेष अभियान में डेंगू के बिमारी से बचाव उपाय जैसे– घर में लगाये गये कुलर, गमले, टायर, जानवर/पक्षियों को पानी पिलाने हेतु रखे पात्र, पुजा पश्चात् बाहर रखे हुए कलश, इत्यादि पात्र जिसमें बरसात से एकत्रित रुका हुआ साफ पानी को प्रतिदिन साफ करना हेतु समझाईस देना, गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है, जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। इस बिमारी के रोकथाम हेतु जन सहयोग की भी आवश्यकता है। इस बिमारी के बचाव हेतु आप सब लोग मिलकर इस अभियान में जुड़ने की अपील की है।

डेंगू, लार्वा उत्पन्न होने योग्य जल ठहराव की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के टोल फ्री नम्बर 18002334242 में दें।

जनसम्पर्क अधिकारी